कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक 03.06.2024

विषयः- 02 नफर ट्रैक्टर चोर लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा जघन्य अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 02.06.2024 को लंका पुलिस द्वारा बजबजा प्लांट रमना के पास से 02 नफर अभियुक्त 1.सुजीत पटेल पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम शिओ थाना भभुआ जिला भभुआ बिहार 2.अखिलेश पटेल पुत्र पारस सिंह निवासी ग्राम दतियाँव थाना भभुआ जिला भभुआ कैमूर बिहार को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना विवरणः-

आवेदक विजय यादव पुत्र श्री लालजी यादव पता गढ़वा घाट वंशी कि पाही रमना वाराणसी द्वारा थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी गयी कि दिनांक 28.05.2024 की रात्रि में उनका ट्रैक्टर (लोड़र) महेन्द्रा लाल रंग 265 DI जिसका रजि0नं0 UP65DQ5968 है। तथा चेचिन नं0 MBNAAACBPKRE00400 है चोरी हो गया है। उपरोक्त शिकायत के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना स्थानीय की क्राइम टीम को घटना से अवगत कराते हुए ट्रैक्टर व अज्ञात चोर की तलाश एवं पतारसी सुरागरसी हेतु रवाना किया गया। थाना स्थानीय की पुलिस टीम एवं सर्विलान्स सेल के सहयोग से गोपनीय जानकारी, सीसीटीवी फूटेज एवं लोकेशन के आधार पर 02 नफर अभियुक्तगण को चोरी के ट्रैक्टर के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद ट्रैक्टर (लोडर) महिन्द्रा वाहन नं0 UP 65 DQ 5968 के बारे में पूछताछ पर बता रहे हैं कि साहब हम लोगो ने अपने मालिक विजय यादव की दुकान से दिनांक 28/05/24 की रात्रि में चुराकर ट्रैक्टर को सुनसान जगह में खड़ा कर दिया था और ट्रैक्टर को बेचने के लिये ग्राहकों की तलाश कर रहे थे, साहब हमलोग लालच में आ गये थे कि इसे बेचकर अच्छा पैसा मिल जाएगा जिससे हमलोग नया रोजगार करेंगे, लेकिन आज पकड़े गये।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1.सुजीत पटेल पुत्र भरत सिंह निवासी ग्राम शिओ थाना भभुआ जिला भभुआ बिहार उम्र 22 वर्ष करीब

2.अखिलेश पटेल पुत्र पारस सिंह निवासी ग्राम दतियाँव थाना भभुआ जिला भभुआ कैमूर बिहार उम्र 25 वर्ष

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान</u>- दिनांक गिरफ्तारी 02.06.2024 को बजबजा प्लान्ट के पास रमना, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरण</u> -

1. मु0अ0स0 204/24 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना लंका, कमि0 वाराणसी ।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. शिवाकान्त मिश्र, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 मनोज कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 वीरन्द्र यादव, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमित कुमार शुक्ला, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 मनोज कुमार सिंह, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सूरज भारती, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 पवन कुमार, क्राइम टीम, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 अश्विनी सिंह, सर्विलान्स सेल, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
काशी-जोन कमिश्नरेट वाराणसी